## हेवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड,
## (भारत सरकार का उद्यम)
## प्लांट प्लाजा रोड, धुर्वा,
## राँची- 834004

**स्नातक(Graduate) /तकनीकि(Technician/Diploma) प्रशिक्षु हेतु आवेदन-प्रपत्र ।**

संदर्भ:अप्रेंटिसशिप एक्ट, 1973 & 1986.

1. आवेदक का नाम ........................................................................ हस्ताक्षरित
2. आवेदक की जन्म-तिथि ............................................................ फोटो
3. पिता का नाम ........................................................................ चिपकायें
4. माता का नाम ......................................................................
5. शैक्षणिक योग्यता ..........................................................................
6. तकनीकी योग्यता* B.Tech./Diploma In Engg/ equivalent degree/diploma (mention)....................
7. अभियंत्रण शाखा (Branch)................................................समूह कोड (group code)......................
8. संस्थान/महाविद्यालय का नाम ..........................................................................
9. परीक्षा पर्षद/ विश्वविद्यालय का नाम .........................................................................
10. अभियंत्रण स्नातक / डिप्लोमा स्तर पर प्राप्तांक प्रतिशत या सीजीपीए ............................
11. पता क) वर्तमान (पत्राचार का)....................................................................... ..............................
    ...........................................फोन नं0...............................ई-मेल (e-mail id)................................................
    ख) स्थाई .....................................................................................
    ......................................................फोन नं0..................................
12. क्या अनुसूचित जाति /जन-जाति के सदस्य हैं ?* Yes/No हाँ/नहीं
    यदि हॉ, तो जाति का उल्लेख करें : ...........................................................................................
13. क्या आपके पिता/माता एच.ई.सी. में कार्यरत हैं ?* Yes/No हाँ/नहीं
    यदि हाँ, तो नाम.........................................कार्मिक संख्या ................
    पदनाम ..................................................विभाग ............
    प्लांट .....................................................

दिनांक- आवेदक का हस्ताक्षर

अनुलग्नक -1. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र; 2. तकनीकी योग्यता प्रमाण-पत्र; 3. आयु प्रमाण-पत्र; 4.जाति का प्रमाण-पत्र; 5. आचरण प्रमाण- पत्र 5. बैंक-ड्राफ्ट सं

..........................................................................................................................................................

आवेदक का नाम .....................................................................

आवेदक प्रपत्र-संख्या .................... दिनांक.......................................को प्राप्त किया।

प्राप्त-कर्ता का हस्ताक्षर

हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम)**

**प्लांट प्लाजा रोड, धुर्वा,**

**रॉची- 834004**

एचईसी लि. द्वारा निम्नलिखित व्यवसायों में अप्रेंटिस एक्ट 1973 &1986 के तहत शिक्षुओं के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**सम्भावित रिक्तियाँ**:

| समूह-कोड | व्यवसाय समूह | स्नातक(Graduate) | तकनीकि(Diploma) | योग (Total) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | विद्युत/इलक्ट्रोनिक्स/ संचार | 09 | 14 | 23 |
| 02 | धातुकर्म | 05 | - | 05 |
| 03 | यॉंत्रिकी/प्रोडक्शन/इंडस्ट्रियल /टूल एंड डाई आदि | 26 | 40 | 66 |
| 04 | असैनिक | 06 | 06 | 12 |
| 05 | रसायन | 04 | - | 04 |
| 06 | कम्प्यूटर/आईटी | 01 | 01 | 02 |
| 07 | कैड/कैम | शून्य | 05 | 05 |
| 08 | कैटरिंग टेकनोलोजी | शून्य | 06 | 06 |
| 09 | सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस | शून्य | 13 | 13 |
| 10 | पुस्तकालय विज्ञान | शून्य | 04 | 04 |
| | कुल योग | 51 | 89 | 140 |

1. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:**

क. **स्नातक शिक्षु** : विधिसम्मत विश्वविद्यालय से सम्बंधित अभियंत्रण शाखा में स्नातक उपाधि, या भारत के संसद द्वारा निर्मित कानून के अनुसार अधिकृत संस्थान द्वारा प्रदत्त सम्बंधित अभियंत्रण/तकनीकि शाखा में स्नातक उपाधि।

ख. **तकनीकि शिक्षु** : राज्य सरकार द्वारा गठित राज्य तकनीकि शिक्षा पर्षद द्वारा प्रदत्त सम्बंधित अभियंत्रण/तकनीकि शाखा में डिप्लोमा अथवा विधिसम्मत विश्वविद्यालय से सम्बंधित अभियंत्रण शाखा में डिप्लोमा अथवा सैंडविच कोर्स के ऐसे विद्यार्थी जिनको डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण की बाध्यता है।

2. **आवश्यक अर्हता:** वे अभ्यर्थी, जो उपर्युक्त न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखते हैं स्नातक/तकनीकि शिक्षु के रूप में चयन के योग्य हैं बशर्ते कि:

क. स्नातक/डिप्लोमा स्तर पर न्यूनतम प्राप्तॉंक 60% (सामान्य एवं पिछड़े वर्ग के लिए) या 55% (अनु. जाति/जन-जाति के अभ्यर्थियों के लिए) हो,

ख. स्नातक/डिप्लोमा स्तर की परीक्षा वर्ष 2009 या उसके बाद पास की हो,

ग. अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के पश्चात किसी प्रकार के प्रशिक्षण या कार्यानुभव (कुल मिलाकर 1 वर्ष या उससे अधिक) नहीं हो,

घ. वैसे व्यक्ति जो पहले कभी स्नातक / तकनीकि शिक्षु के रूप में कहीं निबंधित/कार्यरत थे तथा किसी कारणवश उनका शिक्षुता अनुबंध (Contract of apprenticeship) समाप्त हो गया हो, इसके लिए उपयुक्त पात्र नहीं हैं।

3. **आयु-सीमा:** दिनांक 31.10.2011 को आवेदक की आयु 18 वर्ष से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा अनु. जाति/जनजाति, पिछड़े वर्ग के लिए उपरी आयु-सीमा में सरकारी निर्देशों के अनुसार 5 वर्षों/3 वर्षों की छूट दी जाएगी।

4. **देय बृत्तिका (Payable Stipend):** चयनित स्नातक/तकनीकि शिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान शिक्षुता अधिनियम 1973 तथा 1986 द्वारा निर्धारित बृतिका दी जायगी। यह वर्तमान में स्नातक एवं तकनीकि शिक्षुओं के लिए क्रमशः3560/-- तथा 2530/-- रुपये प्रतिमाह है। उन्हें अन्य किसी प्रकार भत्ता/इंसेंटिभ आदि देय नहीं होगा।

5. **अवकाश:** शिक्षुओं को अप्रेंटिस एक्ट 1973 &1986 के प्राबधानों के अनुसार एक वर्ष के अंदर बारह दिन आकस्मिक अवकाश तथा पंद्रह दिन चिकित्सा-अवकाश देय है।आकस्मिक अवकाश एवं चिकित्सा अवकाश को एक साथ नहीं मिलाया जा सकता है।

6. **चयन प्रक्रिया:**

क. उम्मीदवारों को चयन स्नातक उपाधि/डिप्लोमा परीक्षाफल में कुल प्राप्तांक तथा अंतर्वीक्षा के कुल प्राप्तांकों के आधार पर किया जायगा।

ख. सिर्फ योग्यता क्रम से छांटे गये (short listed) उम्मीदवारों को साक्षात्कार (Interview) के लिए बुलाया जायगा।

7. **आरक्षण:** क. अनुसूचित जाति एवं जन-जाति को कुल अप्रेंटिसों के साथ 1:7 तथा 1:11 के अनुपात में आरक्षण दिया जायगा। किसी एक कोटि के उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की स्थिति में दूसरी कोटि के उम्मीदवारों से रिक्तियां भरी जांयगी।

ख. दोनों कोटियों के उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की स्थिति में सामान्य कोटि के उम्मीदवारों से रिक्तियां भरी जांयगी।

8. **अधिमानता:** मेधा-सूची के निर्धारण में एचईसी के कर्मचारियों की संतानों को प्राप्ताँक में 5% की अधिमानता दी जायगी।

9. **मेडिकल स्तर:** चयन प्रक्रिया के अंतिम चरण में सफल अभ्यर्थियों की सक्षम बोर्ड द्वारा मेडिकल जाँच की जायगी तथा बोर्ड द्वारा सफल घोषित होने पर ही योगदान की अनुमति दी जायगी।

10. **अन्य सूचना** : क. आवेदन पत्र प्रक्रिया शुल्क **150.00 (एक सौ पचास) रुपये** मात्र के डिमांड ड्राफ्ट के साथ **17-10-2011** तक प्राप्त किया जायगा। डिमांड ड्राफ्ट **'हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लि.' (Heavy Engineering Corporation Ltd.)** के नाम **रांची(Ranchi)** में देय हो।

ख. अनुसूचित जाति/जन-जाति के आवेदकों से कोई प्रक्रिया शुल्क देय नहीं है।

ग. विहित प्रपत्र हमारे वेबसाईट www.hecltd.com डाउनलोड किया जा सकता है।

घ. प्रशिक्षण समाप्ति के बाद किसी प्रकार का रोजगार/स्वरोजगार या अन्य प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की जवाबदेही निगम या प्रशिक्षण संस्थान पर नहीं होगी।

ङ. चयनित शिक्षुओं का आचरण अशोभनीय या उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये कागजात अथवा सूचनाऐं गलत साबित होने पर उनका प्रशिक्षण समाप्त कर दिया जाएगा और प्रशिक्षण-अवधि में उनके प्रशिक्षण में हुए खर्च की वसूली भी की जाएगी । साथ ही अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

च. प्रशिक्षण अप्रेंटिस एक्ट 1973 &1986 के प्राबधानों के अनुसार संचालित होगा ।

पूर्णरुपेण भरा आवेदन पत्र निम्नलिखित पते पर **दिनांक 17-10-2011** तक स्वीकार किया जाएगा। डाक/कुरियर की देरी के लिए संस्थान उत्तरदाई नहीं होगा।

वरीय उपमहाप्रबंधक (एचटीआई)
एचईसी प्रशिक्षण संस्थान, एचईसी लिमिटेड,
प्लांट प्लाजा रोड, धुर्वा,
रॉची- 834004

वरीय उपमहाप्रबंधक (एचटीआई)